Need to transfer Salt Department land to MBMC for developmental work in Thane Parliamentary Constituency-laid

श्री नरेश गणपत म्हस्के **(ठाणे) :** मैं ठाणे लोक सभा का प्रतिनिधत्व करता हूँ जिसके अंतर्गत मीरा भायंदर महानगरपालिका भी शामिल है.मीरा भायंदर महानगरपालिका की मांग है कि वे नमक विभाग के स्वामित्व वाली भूमि के अधिकार MBMC को हस्तांतरित करे, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं । नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम (आरक्षण संख्या 19),भायंदर (पश्चिम) से मीरा रोड रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाली सड़क,भायंदर रेलवे स्टेशन के सामने 5,935 वर्ग मीटर भूमि और स्टेडियम से मोरवा गांव के लिए प्रस्तावित सड़क के लिए 27,180 वर्ग मीटर भूमि ।वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली इस भूमि का स्थानांतरण न होने के कारण मेरे क्षेत्र में विकास के कार्य रुके हुए है और राज्य सरकार द्वारा भी इसके लिए प्रतिवेदन केंद्र सरकार को भेजा गया है लेकिन कोई भी कार्यवाई अभी तक नहीं की गई है ।ज़मीन की उपलब्धता होते ही महानगरपालिका इन लंबित परियोजनाओं पर कार्य शुरू करेगी जिससे मेरे लोक सभा क्षेत्र का विकास होगा और बढ़ते ट्रैफिक के कारण हो रही समस्या का भी निवारण हो सकेगा । मेरा केंद्र सरकार से आग्रह है कि नमक विभाग के स्वामित्व वाली भूमि के अधिकार MBMC को एक समय सीमा के अंतर्गत हस्तांतरित किया जाए जिससे विकास कार्यों को गति मिल सके और ठाणे लोक सभा का विकास हो ।